कोटा में रिलायंस की 5जी सेवाओं का शुभारंभ कार्यक्रम

माननीय अध्यक्ष का संबोधन

कोटा की शैक्षिक नगरी, औद्योगिक नगरी, कृषि नगरी के अंदर आज ट्रू 5जी जियो की शुरूआत हो रही है। दुनिया के बदलते परिप्रेक्ष्य के अंदर, तकनीकी और विज्ञान के अंदर, प्रोद्यौगिकी में भारत के अंदर एक व्यापक बदलाव हुआ है। उस बदलाव के अंदर 5जी नेटवर्क सबसे महत्वपूर्ण है, जो लोगों की जिंदगियों तथा लोगों की हर चुनौतियों का समाधान करेगा। यह विशेष रूप से कोटा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा के विषय पर 3डी एजुकेशन के अंदर, मेडिकल के अंदर, इंडस्ट्री सेक्टर के अंदर, एग्रीकल्चर सेक्टर के अंदर सभी सेक्टर्स के अंदर ट्रू 5जी हर चुनौतियों का समाधान करेगा, हर कठिनाई का समाधान करेगा। लोगों के लिए दुनिया में जो बेहतरीन विकल्प हैं, यह उन विकल्पों को चुनने का एक माध्यम होगा। ट्रू 5जी जियो निश्चित रूप से लोगों के लिए इंडस्ट्रीज, व्यापार, विद्यार्थी सभी क्षेत्र के लोगों के लिए व्यापक रूप से उनकी बेहतर जिंदगी के लिए होगा।

दुनिया में भारत टेक्नोलॉजी में, रिसर्च में, इनोवेशन में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उसके लिए यह 5G नेटवर्क जो भारत में चार महीने पहले शुरू हुआ है और कोटा में चार महीने बाद इसकी शुरूआत हो चुकी है। आने वाले समय में यह हमारे विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। क्योंकि जो कुछ भी परिवर्तन हुआ है, उसमें टेक्नोलॉजी का महत्वपूर्ण योगदान है। इसीलिए हमारा वर्ष 2023 का लक्ष्य है, हमारी तहसील और गांवों में 5जी टेक्नोलॉजी का लाभ लोगों को मिलेगा। किसान का बेटा, मजदूर का बेटा कृषि के क्षेत्र, इंडस्ट्रीज, रिसर्च, इनोवेशन, एजुकेशन को बदलती हुई दुनिया को गांव में बैठकर देख सकेगा। भारत वह देश है, जहां पर चार लाख से ज्यादा गांवों में फाइबर केबल के माध्यम से इंटरनेट सेवाएं पहुंच चुकी हैं। इंटरनेट सेवाओं में कोई समय 2जी का था, फिर 3जी का समय आया, फिर 4जी का समय आया, लेकिन अब 5जी का समय है। दुनिया के बहुत कम

देशों में 5जी सर्विस है। भारत जैसे विशालतम देश में इस 5जी टेक्नोलॉजी का निश्चित रूप से हर सेक्टर को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। उस बदलाव से लोगों की जिंदगी बेहतरीन होगी, लोगों को उद्योग, व्यापार और कृषि के क्षेत्र में नई टेक्नोलॉजी को समझने का मौका मिलेगा। देश और दुनिया का बाजार 5जी टेक्नोलॉजी के बाद और तेजी से बढ़ेगा। इसलिए भारत की संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य, जो हमारा लक्ष्य है, उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 5जी टेक्नोलॉजी सबसे महत्वपूर्ण है। अब जियो नेटवर्क गांवों में पहुंचने लगा है। अभी जो गांव इंटरनेट से नहीं जुड़े हैं, वहां भी इंटरनेट की सेवाएं पहुंचे। अभी जहां हमारा नेटवर्क कम है, वहां हमारा नेटवर्क पहुंचे, ताकि कोटा संभाग में हम टेक्नोलॉजी का अधिकतम उपयोग करते हुए, इडस्ट्रीज, व्यापारिक, सर्विस एवं अन्य सभी सेक्टर्स में नए रोजगार के अवसर दे सकें। हम लोगों को रोजगार भी दे सकें।

मुझे आशा है कि आज इसकी शुरुआत हुई है, आप आने वाले समय में एक व्यापक परिवर्तन देखेंगे। सभी क्षेत्रों में डिजिटल रूप से बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है। आप यहां बैठ कर दुनिया में खरिदारी कर सकते हैं, दुनिया में सामान बेच सकते हैं। गांव में बैठा व्यक्ति, गांव में अपने कृषि प्रोडक्ट्स में वैल्यु एडिशन करके दुनिया में बाजार ढूंढ सकता है। बच्चा गांव में बैठ कर दुनिया के किसी भी स्कूल-कॉलेज में पढ़ सकता है। कोई ऐसा सेक्टर नहीं है, जिसे इस 5जी से लाभ नहीं मिलेगा। इससे सभी सेक्टर्स को लाभ मिलेगा। मैं इसके लिए रिलायंस जियो को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने कोटा में 5जी की सेवाएं शुरू की है।

मुझे आशा है कि राजस्थान के कोटा में सबसे पहले वे अन्य सभी चीजें शुरू करेंगे।

____